# ग्राम पंचायत पटाड़िया धाकड़ में लगाया शिविर

**स्वदेश समाचार ■ पचोर**



बैंक ऑफ इंडिया द्वारा गत दिवस गुरुवार को जिले की ग्राम पंचायत पटाड़िया धाकड़ में वित्तीय समावेश संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक चन्दनावेली एलडीओ आरबीआई प्रखर उपाध्याय बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजीत शरण जिला एलडीएम जितेन्द्र रामचंदानी जनपद सारंगपुर सीईओ हिमेन्द्र गोविल ब्यावरा शाखा प्रबंधक सुरेश कल्याणी एवं पचोर शाखा प्रबंधक अंकित तोमर पटाडियाधाकड़ से सरपंच सुगनबाई राजपूत उपस्थित रहे।

शिविर में क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई रेखा चन्दनावेली ने ग्राहकों को खातों में रि. केवाईसी को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने की अनिवार्यता बताई। आरबीआई के एलडीओ प्रखर उपाध्याय ने कहा कि जैसे खेती में फसल के लिए समय-समय पर खाद और पानी आवश्यक होता है वैसे ही खातों में समय पर रि. केवाईसी कराना जरूरी है। बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजीत शरण ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से आपका बैंक आपके द्वार आया है और बहुत ही आसान प्रक्रिया से रि. केवाईसी कार्य सम्पन्न किया जा सकता है। जनपद सीईओ हिमेन्द्र गोविल ने भारत सरकार की इस मुहिम को सफल बनाने के लिए शासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। एलडीएम जितेन्द्र रामचंदानी ने शासन की सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी दी और पात्र नागरिकों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणजनो ने अपने बैंक खाते की रि केवाईसी करवाई।